सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **02**
01/01/2026

# मुख्यमंत्री ने अपनी माताश्री स्व0 परमेश्वरी देवी जी की पुण्य तिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

**पटना 01 जनवरी 2026 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने अपनी माताश्री स्व0 परमेश्वरी देवी जी की पुण्य तिथि के अवसर पर अपने पैतृक गॉव कल्याण बिगहा, हरनौत स्थित कविराज रामलखन सिंह स्मृति वाटिका जाकर स्व0 परमेश्वरी देवी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने अपने पिता कविराज स्व0 रामलखन सिंह जी एवं अपनी धर्मपत्नी स्व0 मंजू सिन्हा जी की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री के बड़े भाई श्री सतीश कुमार, पुत्र श्री निशान्त कुमार एवं निकट परिजनों ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार, विधायक डॉ0 जितेन्द्र कुमार, विधायक श्री रूहेल रंजन, विधायक श्री शुभानंद मुकेश, विधान पार्षद श्री संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद श्री ललन सर्राफ, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 उदयकांत, पूर्व विधायक ई0 सुनील, जदयू के राष्ट्रीय महासचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, पूर्व विधान पार्षद श्री रणवीर नंदन, बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष मो0 इरशादुल्ला, मुख्यमंत्री के सचिव श्री चन्द्रशेखर सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री अनिमेश पराशर, नालंदा के जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0 वरीय पुलिस अधीक्षक पटना श्री कार्तिकेय के0 शर्मा, पुलिस अधीक्षक नालंदा श्री भारत सोनी, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के महासचिव श्री अरविंद कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता, गणमान्य व्यक्ति, शुभचिन्तक तथा अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने अपने पैतृक गॉव कल्याण बिगहा के भगवती मंदिर (देवी स्थान) में पूजा अर्चना की और राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कल्याण बिगहा एवं आसपास के लोग मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर अत्यधिक प्रफुल्लित थे। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और उनका अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों की समस्यायें सुनी और उसके समाधान के लिये अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपने पैतृक गांव स्थित तालाब में मछलियों को दाना भी डाला।

******